## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 3 सौ शासकीय कर्मियों को मिला प्रशस्ति- पत्र

# 1.94 लाख महिलाओं को 1554 करोड़ रुपये का आहार अनुदान वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बसस्टैंड आडिटोरियम में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं गईं। इसमेंसंस्कृति विभाग द्वारा राज्य स्तर से भेजे कलाकारों के दल ने अपनी प्रस्तुति दी। इनमें जबलपुर के भवानी दास अहिरवार और साथियों द्वारा बुंदेली लोकगायन तथा डिंडोरी जिले के पहारू सिंह मरावी व साथियों द्वारा लोक नृत्य करमा, रीना और शैला आदिवासी लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, ए.डी.एम साधना परस्ते द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन सौ से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में जनजातीय समाज की सेहत का पूरा ख्याल अंतर्गत बैगा, सहरिया और भारिया परिवारों के स्वास्थ्य एवं पोषण के लिये महिलाओं को प्रतिमाह आहार अनुदान योजना में 1500 रुपये अंतरित, अब तक 1.94 लाख महिलाओं को 1554 करोड़ रुपये का आहार अनुदान वितरित होने की जानकारी का प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनी के दौरान मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना के तहत जनजातीय गांवों में सीधे राशन के तहत दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों के गांवों में राशन परिवहन और वितरण के लिए अभूतपूर्व कदम के साथ ही स्थानीय युवाओं द्वारा राशन परिवहन और वितरण होने से उन्हें रोज़गार के अवसर प्रदान किए जाने संबंधी जानकारी प्रदर्शित की गई।

भू-अभिलेखों का बेहतर संधारण अंतर्गत एमपी साईबर तहसील परियोजना पूरे प्रदेश में लागू खसरे, नक्शे तथा नामांतरण के काम अब और आसान होने संबंधी जानकारी प्रदर्शित की गई।

पीएम स्वनिधि योजना के तहत 7 लाख से अधिक जरूरतमंदों को रुपए 50 हजार तक ब्याज मुक्त स्वरोजगार ऋण प्रदान किए जाने, पीएम मात्र वंदना योजना के अंतर्गत 44 लाख से अधिक धात्री माताओं को रुपए 1600 करोड़ से अधिक की सहायता राशि प्रदान की गई है।

प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 84 लाख से अधिक किसानों को हर साल रुपए 12 हजार की सहायता प्रदान करने,संकट में किसानों के साथ फसल क्षति की राहत राशि बांटने में मप्र देश में अग्रणी, फसलों के नुकसान पर 4 हजार करोड़ रुपए से अधिक राहत राशि वितरित तथा मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना में 11 लाख से अधिक किसानों का 2 हजार 123 करोड़ रुपये का ब्याज माफ का प्रदर्शन किया गया।

जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2025 तक 1 करोड़ घरों में नल से जल का लक्ष्य बुरहानपुर और निवाड़ी जिले शत प्रतिशत हर घर नल से जल प्रमाणित की जानकारी प्रदर्शित की गई। प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत 7 लाख 15 हजार से अधिक शहरी परिवारों को पक्का आवास प्रदाय करने के साथ ही जनजातीय युवाओं के लिए स्व-रोज़गार की राह के तहत

जीता सर्वश्रेष्ठ राज्य का राष्ट्रीय जल पुरस्कार के तहत जल संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन में मध्यप्रदेश बना नंबर वन अंतर्गत 47 लाख हेक्टेयर से अधिक सिंचाई क्षमता , वर्ष 2025 तक 65 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य, पर ड्रॉप मोर क्रॉप के विचार पर सिंचाई परियोजनाओं और नहरों का जाल, प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली आधारित निर्माणाधीन 125 सिंचाई योजनाओ की जानकारी सहित शासन की अन्य योजनाओं का प्रदर्शन किया गया।

## खबर संक्षेप



### उमरियापान ने जीता नृसिंह क्रिकेट कप

**उमरियापान।** खितौला में हुए लैदरबाल क्रिकेट टूर्नामेंट नृसिंह कप के फायनल मुकाबले में वाईसीसी टीम उमरियापान ने नर्मदा क्लब टीम जबलपुर को हराकर कप अपने नाम कर लिया। समारोह में अतिथियों ने उमरियापान टीम के कप्तान हनी चौरसिया को कप प्रदान किया। मैन ऑफ़ द मैच प्रहलाद सिंह, मैन ऑफ़ द सीरीज गुलसन सहजवानी, बेस्ट बॉलर मयूर, बेस्ट बैट्समैन प्रशांत चौरसिया, बेस्ट फ़ील्डर रितिक चौरसिया रहे। उन्हें भी समारोह में पुरस्कार प्रदान किया गया। खेल विकास समिति अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने उमरियापान टीम को बधाई दी।

### शहर विकास के लिये 4 करोड 65 लाख की सौगात, भूमिपूजन आज

**कटनी।** नगर पालिका निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण एवं नदी तटों के जीर्णोद्धार के लिये 4 करोड़ 65 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है। 28 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला चिकित्सालय के समीप स्थित चौपाटी में भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।भूमि पूजन मुख्य अतिथि खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के कर कमल से संपन्न होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद वीडी शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता तथा विधायक संदीप जायसवाल, केडी अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन के विशिष्ट आतिथ्य में गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित होगा। मसुरहाघाट एवं रामघाट के सौंदर्यकरण एवं जीणोद्धार के लिए 1 करोड़ 94 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी इसके अलावा चौपाटी में नवीनीकरण एवं सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के लिए 2 करोड़ 52 लाख 20 हजार रूपये व्यय किए जाएंगे। तिलक राष्ट्रीय स्कूल की बाउंड्रीवाल 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित की जायेगी।

### अंतिम दिवस 2 ग्राम पंचायतों में आयोजित होगी संकल्प यात्रा

**कटनी।** शासन की योजनाओं से हर पात्र हितग्राही को लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन में जिले में रोजाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी उद्देश्य को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की दो ग्राम पंचायतों दादर सिहुंदी एवं घाना में आयोजित की जाकर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा।

### एफएलसी की कार्यवाही हेतु कल खुलेगा ईवीएम वेयरहाउस

**कटनी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले में उपलब्ध ईवीएम मशीनों की एफएलसी बेल बेंगलुरू के इंजीनियर्स द्वारा की जानी निर्धारित है।इस हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय, निर्वाचन सदन, कलेक्टर कार्यालय के पीछे स्थित ईवीएम वेयर हाउस 29 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे खोला जावेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।



## ग्राम पंचायत ढुठिया सलैया में नहीं किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा जनपद अंतर्गत आने वाले सलैया (ढुठिया) में गणतंत्र दिवस पर सरपंच अहिवरन सिंह व ग्राम पंचायत के सचिव सोनेलाल यादव के द्वारा ध्वजारोहण ही नही किया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय के बगल से ही शासकीय प्राथमिक शाला सलैया ढुठिया स्थित है जहां पर पदस्थ प्रधान अध्यापक गिरिवर केवट के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में सलैया ढुठिया के सरपंच अहिवरन सिंह को आमंत्रित किया गया था जहां पर ग्राम सरपंच की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया किन्तु स्कूल के बगल से ही बने ग्राम पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण नही किया गया जो कि ग्राम सरपंच व सचिव की राष्ट्रीय ध्वज न फहराने के प्रति उदासीनता व घोर लापरवाही को दर्शाता है।

### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ केके पांडे का कहना है कि आपके द्वारा ग्राम पंचायत सलैया ढुठिया में राष्ट्रीय ध्वज न फहराने की बात संज्ञान में लाई गई है। ग्राम पंचायत कार्यालय सलैया ढुठिया में पदस्थ सचिव, सरपंच के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने में उदासीनता करना गम्भीर लापरवाही को दर्शाता है सम्बन्धितों को नोटिस जारी कर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में आंच नही आने दी जाएगी।

### दिल्ली पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

## देशभक्ति गीतों पर छात्र छात्राओं ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

डी०पी०एस में देश का 75 वाँ गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक उत्तम चंद जैन सपत्नीक श्रीमती प्रभा जैन जी शाखा निर्देशक अनुराग जैन प्रबंध निदेशिका श्रीमती जूही जैन सह निर्देशक अनुजे जैन सपत्नीक श्रीमती विभा जैन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्पगुच्छ अर्पित कर किया ।

तत्पश्चात विद्यालय के संस्थापक उत्तम चंद जैन के द्वारा ध्वज फहराया गया तथा वहीं पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी राष्ट्रगान का गायन कर देश की आन-बान-शान तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय परिवार दवारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि महोदय को कार्ड एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।





कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत की धुन पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसने वहाँ उपस्थित सभी जन का मन मोह लिया। किसी छात्र ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया तो किसी ने अपने ओजमयी भाषण से सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान हीं कक्षा दसवीं के छात्रों को प्रोफिशिएन्सी अवाई, भी प्रदान में किए गए।

कार्यक्रम के अंत विद्यालय की प्रबंध निदेशिका श्रीमती जूही जैनी ने अपने संदेश में सभी विद्यार्थियों एवं नगरकसियों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा दुबेजी एवं श्रीमती शबनम अख्तर जी ने की गरिमामयी उपस्थिति थी।

इस कार्यक्रम को सफल संचालन करने में छात्रा सौम्या गट्टानी एवं श्रीनंदिनी खेडिया ने महती भूमिका निभाई वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## योजनाओं की दी जानकारी, शिविर में किया उपचार



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को जिले की 2 जनपद पंचायतों के 4 ग्राम पंचायतों कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा पहुंचने पर सर्वप्रथम ग्रामवासियों ने कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से नागरिकों के बीच पहुँचकर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रमों में शिविर लगाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आवेदन लिये जा रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से उपचार भी दिया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत अंतर्वेद और बरही सहित जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत राहरजवारा नंबर 2 एवं देवरा खुर्द पहुंची।

## नगर निगम में शान से लहराया तिरंगा, महापौर द्वारा किया गया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कार्यालय में 75 वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर निगम कार्यालय में महापौर शहर की प्रथम नागरिक श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निगम अध्यक्ष मनीष पाठक आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल एम आई सी सदस्यों एवं पार्षदों की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया ।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 26 जनवरी का दिन भारतीय इतिहास में विशेष महत्व रखता है 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू किया गया था जिसके पश्चात प्रतिवर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा तथा इसी दिन भारतीय अधिनियम एक्ट को हटाकर भारतीय संविधान को लागू किया गया था वह लोकतांत्रिक प्रणाली के साथ संविधान को जोड़ा गया था नगर निगम कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एम आई सी सदस्य डॉक्टर रमेश सोनी सुभाष शिब्बू साहू श्रीमती बीना बैनर्जी जय नारायण निषाद शशिकांत तिवारी पार्षद लव साहू सीमा श्रीवास्तव शकुंतला सोनी सुरेंद्र गुप्ता पूर्व पार्षद विजय डब्बू रजक आदि मौजूद थे।



### उमरियापान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**उमरियापान।** गणतंत्र दिवस पर उमरियापान स्थित सरस्वती उमा विद्यालय में अध्यक्ष डा.आरसी मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। स्कूल के छात्र छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में विजय दुबे,आरके दीक्षित, रमन शुक्ला, प्राचार्य आरपी पटेल उपस्थित रहे। पावन बेला में एनटी कार्यालय में नायब आशीष चतुर्वेदी, ग्रामपंचायत उमरियापान में सरपंच अटल ब्यौहार, झंडाचौक में पंडित मौजीलाल पौराणिक, केंद्र बिंदु करौंदी में सांसद प्रतिनिधि पदमेश गौतम, शासकीय कन्या विधालय में प्राचार्य दिलीप बाजपेयी, सरस्वती विधालय में अध्यक्ष डा आरसी मिश्रा, संत बनवारी दास कालेज पचपेढी में संचालक प्रमोद गौतम, सहकारी समिति में प्रबंधक अश्वनी शुक्ला, झिन्नापिपरिया पुष्कर स्कूल में संचालक राकेश त्रिपाठी, हरदी ग्रामपंचायत में सरपंच जयकरण कोल, मंगेली में सरपंच संजय दाहिया, भटगवां में सरपंच अशोक दाहिया, महर्षि वेद विज्ञान विधापीठ में प्रभारी अरविंद सिंह, शा माशा झिन्नापिपरिया में प्रधानाध्यापक ओपी चौरसिया ने ध्वजारोहण कर सलामी ली।





## तिलक कॉलेज में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

तिलक महाविद्यालय में जनभागीदारी एवं अन्य मदो से होने वाले निर्माण कार्य,ख़रीदी पर एनएसयूआई ने प्राचार्य सुधीर खरे पर गंभीर आरोप जड़े है,जिसे लेकर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कालेज परिसर के समक्ष प्रदर्शन कर प्राचार्य को निलंबित कर उच्च स्तरीय जाँच कमेटी गठित किए जाने की माँग की। संगठन द्वारा हाँथों में तख़्तियाँ लेकर प्राचार्य का पुतला भी दहन किया गया।

संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2016 से सुधीर खरे प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदस्त है,छोटी बड़ी हर ख़रीदी एवं निर्माण में कमीशनखोरी करते है,हाल ही में प्रधानमंत्री के नमों एप को डाउनलोड कराने को लेकर उन्होंने आपराधिक तत्वों को कालेज में एंट्री दी, जो की भाजपा से जुड़े हुए है। भाजपा के नेताओं के संरक्षण में कालेज में जमकर भ्रष्टाचार फल फूल रहा है। एनएसयूआई शिक्षा के मंदिर में भ्रष्टाचार नहीं सहेगी।

### विधायक ने किया ध्वजारोहण, देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम

## विजयराघवगढ़ में ऐतिहासिक किले में शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

गणतंत्र दिवस का पर्व पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक राष्ट्रीय पर्व का उत्साह हर किसी के चेहरे पर देखा गया। जगह जगह स्कूलों, शासकीय, निजी संस्थानों में ध्वजारोण किया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।

विजयराघवगढ़ के गौरवशाली किले में विधायक संजय सतेंद्र पाठक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पूजा अर्चना कर विधायक ने ध्वज फहराया जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ। ऐतिहासिक किले में ध्वजारोहण के उपरांत विधायक ने जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष वसुधा मनीष मिश्रा, उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, मंडल अध्यक्ष मनीश देव मिश्रा, जयवंत सिंह चौहान, पार्षद रमाकांत तिवारी आदि जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम महेश मंडलोई, तहसीलदार बीके मिश्रा, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल, सीएमओ रामावतार पटेल, बीमएओ डॉ विनोद कुमार, बीईओ आनंद कोरी, बीआरसी सीएस मरकाम, टीआई अनूप सिंह ठाकुर सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति थी।



उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए जहां छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दीं। यहां भी विधायक शामिल हुए और छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। श्री पाठक ने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पांच सौ सालों के संघर्ष का फल है। यह पुनीत कार्य प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सार्थक प्रयासों से ही संभव हो सका है और यह भी कहना गलत नहीं होगा कि रामलला की स्थापना के साथ ही नया अध्याय भी लिख गया है। भारत का वैभव पुनः लौट आया है। उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने पिता की कर्मभूमि विजयराघवगढ़ के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने कहा कि बच्चे आने वाले कल का भविष्य हैं इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार सहित नगर का गौरव बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न आए इसके लिए वे हमेशा मदद करेंगे।

मंच के माध्यम से उन्होंने इनडोर स्टेडियम, किले के पीछे पार्क सहित अन्य विकास कार्य शीघ्र कराने की घोषणा की। विधायक संजय पाठक ने विधायक कार्यालय पहुंचकर ध्वजारोहण किया और उपस्थित जनों को संबोधित भी किया।






## खबर संक्षेप



### कलेक्टर, एस.पी. ने शहीद शौर्य स्मारक में पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन स्थित शहीदों के शौर्य स्मारक पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्री प्रसाद ने शहीदों के योगदान का पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री रंजन ने भी पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने उपस्थित जनों के साथ मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, एडिशनल एस.पी मनोज केडिया, एस.डी.एम प्रदीप कुमार मिश्रा एवं निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल नें भी पुष्प चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### शासकीय योजनाओं की दी गई जानकारी

**कटनी।** गणतंत्र दिवस पर जिले की 3 जनपद पंचायतों की 6 ग्राम पंचायतों में पहुंची। संकल्प यात्रा के पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन निर्देशों के परिपालन एवं कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाकर उनके जीवन को आसान एवं समृद्ध बनाने के उद्देश्य से जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में पात्र हितग्राहियों को केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरस्वाही में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उपस्थित ग्रामीणों ने लाभ अर्जित किया। यात्रा के दौरान विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए शिविर में उपस्थित आमजनों द्वारा उत्साह के साथ संकल्प लिया गया। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया।

### निगमायुक्त ने शिविर सहित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर दिये निर्देश



**कटनी।** निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने बस स्टैंड में किराया वसूली शिविर मिशन चौक से आजाद चौक के बीच क्रॉस ट्रेन निर्माण कार्य निर्माण सुरम्य पार्क एवं 28 जनवरी को शासकीय चिकित्सालय के पास चौपाटी कटनी में माननीय सांसद श्री वीडी शर्मा द्वारा भूमि पूजन किया जायेगा आयुक्त ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी एवं वसूली दल को वसूली कार्य में प्रगति लाने मिशन चौक एवं आजाद चौक के बीच क्रॉस ड्रेन निर्माण में प्रगति लाने व कार्य पूर्ण करने पुराने बस स्टैंड के पीछे चौपाटी के पास रखे हुए नगर निगम के सभी वाहनों को अमकुही के फिल्टर प्लांट के पास चिन्हित वर्कशॉप में रखवाने अनुपयोगी बंद बहुत पुराने वाहन कबाड़ की नियमानुसार नीलामी करने सुरम्य पार्क के कैंटीन रेस्ट हाउस की पुताई करने पार्क में नर्सरी तैयार करने सभी रोड डिवाइडर की सफाई करने आम नागरिकों की सुविधा हेतु गार्डन बनाए जाने एक अतिरिक्त झरना बनाने नवाचार के लिए एक ई रिक्शा क्रय करने सुरम्य पार्क में आवश्यक लेखन कार्य करने सोलर पैनल लगवाने प्लास्टिक उपयोग के प्रतिबंध हेतु बर्तन बैंक की व्यवस्था कराई जाने के सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए।

## मुख्य समारोह में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण, योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली

# गणतंत्र दिवस पर परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले मे गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा, हर्षोल्लास एंव राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ परंपरागत स्वरूप में समारोहपूर्वक मनाया गया और पूरी आन-बान-शान से तिरंगा फहराया गया। गणतंत्र दिवस पर जिले के विभिन्न शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों ,संस्थाओं तथा विद्यालयों, पंचायतों और नगरीय निकायों में ध्वजारोहण के कार्यक्रम आयोजित कर ध्वजारोहण किया गया।

जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर अवि प्रसाद ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट परेड की सलामी ली और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी कटनी में आयोजित समारोह में कलेक्टर अवि प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के साथ खुली सफेद जिप्सी पर सवार होकर



आयोजित भव्य परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आकाश में उल्लास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे भी छोडे गये।

समारोह में वार्डस्ले स्कूल के बैण्ड की मधुर धुन के साथ तीन हर्ष फायर किए गये



तथा परेड कमाण्डर के नेतृत्व में मार्चपास्ट परेड ने सलामी दी। वहीं शौर्यादल की टीम ने भी मार्चपास्ट करते हुये मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके साथ ही परेड में सबसे आगे परेड कमांडर के नेतृत्व में विशेष पुलिस बल की टुकडी थी। उसके बाद क्रमशः जिला पुलिस बल, होमगार्ड के जवान कदमताल करते हुये आगे बढ़ रहे थे। मार्चपास्ट में विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स के साथ ही स्काउट्स एण्ड गाइड्स की जूनियर एवं सीनियर विंग सहित 20 से अधिक प्लाटून परेड में शामिल हुई।

समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला प्रशासन की ओर से अमर शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों एंव उनके आश्रितों को शॉल एंव श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में स्केल के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राउंड पर एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया।

### पुरस्कारों का हुआ वितरण

गणतंत्र दिवस समारोह में परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ग्रुप ए में प्रथम पुरस्कार विशेष सशस्त्र बल 18वीं बटालियन, द्वितीय पुरस्कार जिला पुलिस बल पुरुष, को प्रदान किया गया। ग्रुप बी में परेड का प्रथम पुरस्कार शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी और द्वितीय पुरस्कार, वार्डस्ले स्कूल गाइड कटनी को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सी एम राइज स्कूल को प्रथम, शासकीय आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर सरसवाही कटनी स्कूल को द्वितीय और जे पी वी डी ए वी स्कूल कटनी को तृतीय पुरस्कार मिला। झांकियों के प्रदर्शन में प्रथम पुरस्कार जिला पंचायत कटनी, द्वितीय पुरुस्कार नगर निगम कटनी और तृतीय आदिम जाति कल्याण विभाग की झांकी को प्रदान किया गया। सभी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों और झांकियों को मुख्य अतिथि कलेक्टर ने शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में पुलिस विभाग, जिला पंचायत विभाग नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, अनुसूचित जाति जन जातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य योत्रिकी विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सहित उद्यनिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग की झांकी लगाई गई थी। समारोह में सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, एडिशनल एसपी मनोज केडिया, आयुक्त नगर निगम विनोद कुमार शुक्ल, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, श्रम पदाधिकारी के.बी.मिश्रा, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ आर.के.सिंह सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### संसद में तीन नये कानूनों की झांकी



गणतंत्र दिवस की खास बात यह रही कि मुख्य समारोह के दौरान पुलिस विभाग द्वारा हाल ही में संसद द्वारा पारित किये गए तीन नये कानूनों की झांकी प्रदर्शित की गई। इनमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नगारिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 शामिल है। इन कानूनों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के मानवाधिकारों एवं महिलाओं - बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पीडित- केन्द्रित न्याय तंत्र स्थापित करना, जटिल प्रक्रियाओं के सरलीकरण से आपराधिक न्याय प्रणालि को और सुगम तथा सुलभ बनाना तथा जेलों और सुधार गृहों से भीड कम करना है। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय आयोजन में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित एवं विकास की झलक प्रदर्शित करती झांकियों का प्रदर्शन किया गया।

### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट में फहराया राष्ट्रध्वज

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में प्रातः 8 बजे कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। ध्वज वंदन के पश्चात कलेक्टर ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस मौके पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते, सयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह आदि की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर व एस.पी ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोज



गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला पिपरौंध पहुंचकर कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन नें छात्रों का हौसला बढ़ाया एवं छात्रों के साथ मध्यान्ह भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के अवसर पर छात्रों ने स्कूल के प्रवेश द्वार में कलेक्टर का तहे दिल से स्वागत किया। इसके बाद कलेक्टर अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने बच्चों के साथ पंगत मे बैठकर स्वादिष्ट भोजन किया। भोजन में आज छात्रों की पसंद का बूंदी का लड्डू, खीर, पूड़ी, आलू छोले की सब्जी, मिक्स वेज सूखी सब्जी, पुलाव, अचार, पापड़ और सलाद परोसा गया। परोसे गए सुस्वाद व्यंजनों का छात्रों सहित अतिथियों ने जमकर लुत्फ उठाया।

## चाय पान की दुकान में फटा सिलेण्डर पांच लोग झुलसे, झोपड़ी हो गई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विलायत कला गांव में गत शाम सड़क किनारे मौजूद एक चाय नाश्ते की दुकान में रिसाव होने के बाद सिलेंडर में अचानक आग लग गई। जिसके बाद सिलेंडर फट गया। घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। आगजनी की इस घटना के कारण झोपड़ी नुमा दो दुकानें जलकर खाक हो गई।

बड़वारा थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम विलायत कला में सड़क किनारे मौजूद झोपड़ी नुमा चाय नास्ते की दुकान में 26 जनवरी की शाम लगभग 4:00 बजे दुकानदार जब चाय बना रहा



था उसी दौरान अचानक सिलेंडर से गैस का रिसाव होने लगा। अत्यधिक गैस रिसाव होने के कारण सिलेंडर में आग लग गई और कुछ ही देर में सिलेंडर फट गया।

सिलेंडर फटने के कारण दुकान में मौजूद पांच लोग जख्मी हो गए। जिन्हें घटना के तत्काल बाद बड़वारा स्थित शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों को घर भेज दिया गया। जबकि मनोज यादव नामक युवक की हालत नाजुक होने के कारण उसे सघन उपचार के लिए शासकीय जिला अस्पताल कटनी रेफर कर दिया गया। घटना के कारण दो दुकाने जलकर खाक हो गई हैं।

*ननि को दूसरा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग को प्रदान किया गया तृतीय पुरस्कार*

## जिला पंचायत की झांकी को मिला प्रथम स्थान, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर झिंझरी स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह में निर्णायक मंडल ने जिला पंचायत की झांकी को प्रथम पुरस्कार से नवाजा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत और अधिकारी कर्मचारियों को सील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने व्यक्तिगत रुचि और प्रयासों के द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विविध प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करती हुई झांकी का निर्माण



कराते हुए पैनी नजर रखी थी। चाहे सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण का मामला हो चाहे विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन की मैदानी स्थिति का... जिला पंचायत सीईओ की अगुवाई में राज्य स्तर पर समय-समय पर जारी गेडिंग के अनुसार जिला पंचायत कटनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला पंचायत की झांकी को प्रथम पुरस्कार की घोषणा होते ही पूरी जिला पंचायत की टीम ने खुशी का इजहार किया। विदित होवे कि गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में जिला पंचायत विभाग पुलिस, नगरीय प्रशासन ,महिला एवं बाल विकास विभाग, अनुसूचित जाति जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सहित उद्यानकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग की झांकी लगाई गई थी। द्वितीय पुरस्कार नगर निगम कटनी और तृतीय पुरस्कार आदिम जाति कल्याण विभाग की झांकी को प्रदान किया गया था।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किए जाने के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, जनपद पंचायत कटनी के सीईओ प्रदीप सिंह, परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, ऋषि राज चढ़ार,शबाना बेगम, मृगेंद्र सिंह ,योगेंद्र कुमार असाटी, नरेश राठौर, राजीव चौदहा,उमेश सोनी और अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## उत्कृष्ट कार्य पर जिपं सीईओ को प्रदान की शील्ड व प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बस स्टैंड स्थित नगर निगम ऑडिटोरियम कटनी में गणतंत्र दिवस पर आयोजित भारत पर्व के कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, सौंपे गए दायित्वों और कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन कर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों को कलेक्टर अवि प्रसाद ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कलेक्टर ने सर्वप्रथम विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे अधिकारियों में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके बाद जिला पंचायत कटनी से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों में जनपद पंचायत कटनी और बहोरीबंद के सीईओ प्रदीप कुमार सिंह , अभिषेक कुमार झा, मनरेगा की परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार, सहायक परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह,तेजसिंह केशवाल, प्रभारी अधिकारी मीडिया और पीसीओ योगेंद्र कुमार असाटी, जगदीश सिंह भदौरिया, फूल सिंह बागरी राजेश श्रीवास्तव,भागीरथ पटेल, जग्गी पटेल,सत्येंद्र सोनी, कमलाकर मिश्रा, राजीव चौदहा, उमेश सोनी, आरिफ मोहमद, सोहनलाल दाहिया, सुशील सेन, स्वच्छता कर्मी रामगोपाल और जनपद पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

जिला प्रशासन और पुलिस क्रिकेट एकादश के बीच खेले गए सद्भावना क्रिकेट मैच में जिला प्रशासन की टीम के विजयी होने पर जिला प्रशासन क्रिकेट 11 की टीम के कप्तान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत को कलेक्टर अवि प्रसाद ने शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### जन शिक्षण संस्थान में निदेशक लाली सिंह ने किया ध्वजारोहण



**कटनी।** जन शिक्षण संस्थान कटनी द्वारा 75वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। गणतंत्र दिवस पर जन शिक्षण संस्थान कटनी की निदेशक श्रीमती लाली सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय गान गाया। समस्त जन शिक्षण संस्थान के स्टॉफ, लाभार्थी एवं अनुदेशकों को देश की अखण्डता, एकता के बारे में संदेश दिया और बताया की आज ही के दिन देश का संविधान लागू हुआ था। 75वां गणतंत्र दिवस पर नित्यांशु गहरवार के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के स्टॉफ हेमन्त राज, अजय पटेल, नित्यांशु गहरवार, सुधाकर सिंह, अखिलेश कुमार यादव एवं अनुदेशक श्रीमती बबीता सिंह, श्रीमती शकुन्तला केशरवानीजी, शिवानी केशरवानी, नेहा अहिरवार, पूर्णिमा अहिरवार, रिचा नायक, वर्शा गर्ग उपस्थिति सराहनीय रही।

## शासकीय दफ्तरों, विद्यालयों एवं शहीद स्मारकों सहित किया गया ध्वजारोहण

# बड़वारा नगर सहित ग्रामीण अंचलों में शान से लहराया तिरंगा, शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा मुख्यालय समेत समूचे ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लाष के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया।बड़वारा नगर में स्थित समस्त शासकीय अशासकीय कार्यालयों में देश की शान गर्व का प्रतीक राष्ट्र ध्वज फहराया गया।बड़वारा में स्थानीय शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में सञ्चालक बी पी द्विवेदी ने बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह व गणमान्य जनों की उपस्थिति में राष्ट्र ध्वज फहराया एवम ध्वज की सलामी ली तथा देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद करवाने में अपने प्राणों की आहुती देने वाले देश के बीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य सतीश द्विवेदी ने देश की एकता अखण्डता अक्षुण्य बनाये रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। हर्ष द्विवेदी ने देश के अमर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए बताया कि हमे यह स्वाधीनता काफी संघर्ष करने के पश्चात हासिल हुई है हमे देश की रक्षा करने के लिए हर पल सजग एवम तत्पर रहना



होगा। स्कूल में अध्ययन रत छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया इस दौरान शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक एवम शिक्षिकाओं की उपस्थिती रही।

### शहीद परमानन्द पटेल मार्ग पर हुआ ध्वजारोहण

कारगिल युद्ध मे आतंकवादियों से मुकाबला करते हुए बहादुरी का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहूति देने वाले जांबाज अमर शहीद परमानंद पटेल की



प्रतिमा पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने शहीद परमानन्द पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवम देश के बीर सपूतों को स्मरण कर नमन किया। इस अवसर पर अज्जु सोनू, सतीश द्विवेदी, सन्तोष दुबे, जनपद सदस्य विनय नागवंशी, डॉ राजेश सिंह चौहान, राजनारायण निगम उर्फ टेमल, , हर्ष द्विवेदी, दिनेश गुप्ता(बल्लू), मेवा विश्वकर्मा ,महेंद्र कचेर ,शिव वर्मा,विनोद यादव एवम गणमान्य जन तथा बड़वारा पुलिस से थाना प्रभारी अनिल यादव व स्टाफ की उपस्थिति रही।

ग्राम पंचायत बड़वारा में बड़वारा ग्राम की सरपंच श्रीमती सुनैना बाई टेकाम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवम तिरंगे की सलामी ली। इस दौरान बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह व गणमान्य जन तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात सभी को प्रसाद व लड्डुओं का वितरण किया गया।

### ग्राम पंचायत संकरीगढ़

ग्राम के मुखिया राजेश त्रिपाठी के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया गया तथा देश को आजाद करबाने में अपने जीवन की आहुति देने वाले वीर सपूतों को स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। ग्राम पंचायत कार्यालय संकरीगढ में झालरों व झंडियों तथा पुष्पों से आकर्षक सजावट की गई। ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश त्रिपाठी के सौजन्य से भगवान श्रीराम, जानकी, लक्ष्मण,पवन पुत्र हनुमान जी की अयोध्या की आकर्षक जीवंत मनोहर झांकी निकाली गई जिससे पूरा ग्राम राममय हो गया।

पंचायत में देश भक्ति की भावना से पूर्ण विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान उप सरपंच प्रेम बाई कोल,समस्त पंच गण, गणमान्य जनों में सेवा निवृत्त शिक्षक लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, सेवा लाल दाहिया, मदनलाल रजक की विशिष्ट मौजूदगी रही। ग्राम पंचायत झरेला में ग्राम की सरपंच श्रीमती गुड्डी बाई पाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व ध्वज की सलामी ली।

### संकुल केंद्र बसाड़ी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र बसाड़ी में प्राचार्य जे एल बुनकर के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवम ध्वज वंदन कर ध्वज की सलामी ली गई। इस शुभ अवसर पर विद्यालय में अध्ययन रत छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के राष्ट्रीय गीत व देश भक्ति के गीतों की मनमोहनी प्रस्तुती पेश की जिसे उपस्थित जनसमुदाय के द्वारा सराहा गया। छात्र छात्राओं को उपहार प्रदान किये गए।

पूर्व विधायक विजयराघवेंद्र सिंह ने झंडा बाजार स्थित निज निवास के सामने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ध्वजारोहण किया। शहीदों की शहादत को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दौरान कार्यकर्ताओं व स्थानीय जनों की उपस्थिति रही।

शासकीय प्राथमिक शाला मझौली (बड़ेरा) में शाला प्रवंधन समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह गोंड़ ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया व राष्ट्रीय ध्वज की सलामी ली। स्कूल के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत व भाषण की प्रस्तुति दी। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर प्रसाद बेन ने देश के अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी गौरव गाथा पर प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**हिंडोरिया।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय जागेश्वर नाथ महाविद्यालय के मैदान पर आज 28 जनवरी 2024 दिन रविवार दोपहर 12 बजे से श्रीराम क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अनेक नामी गिरामी टीमे एवं खिलाड़ी भाग ले रहे है। आयोजन समिति एवं श्रीराम क्लब ने सभी खेल प्रेमियों से टूर्नामेंट में आधिकारिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

### पुलिस अधीक्षक ने किया ध्वजारोहण

**दमोह।** देश के 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक श्री सुनील तिवारी ने ध्वजवंदन किया । इस अवसर पर एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक्स प्रीमियर 95 पेट्रोल मशीन का शुभारंभ

**दमोह।** जेल के समीप पुलिस वेलफेयर सोसायटी दमोह द्वारा संचालित पेट्रोल पंप से पेट्रोल अधिक मात्रा में विक्रय होने के कारण एक और एक्स प्रीमियर 95 पेट्रोल मशीन बढ़ गई हैं, जिसका आज कलेक्टर श्री मयंक अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक श्री सुनील तिवारी द्वारा विधिविधान से रिबन काट कर शुभांरभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अर्पित वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा पेट्रोल मशीन बढ़ने से पेट्रोल की आपूर्ति हो सकेगी।

### मुख्य समारोह में राज्यमंत्री श्री पटैल ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

# आन बान शान से लहराया तिरंगा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) बड़े हर्षोउल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। देश की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, जिले भर में शान से लहराया। मुख्य समारोह स्थानीय स्टेडियम मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। उन्होंने कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी सहित परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक हेमंत बरहैया के साथ सलामी परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने हर्षोउल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे गगन में मुक्त किये। राज्यमंत्री श्री पटेल ने साल श्रीफल भेंट कर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया।

मुख्य अतिथि प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। संदेश में भारतीय गणराज्य के 75 वें गणतंत्र दिवस के मंगल अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आज ये अमृत काल का पुण्य प्रताप है कि स्वतंत्र भारत के अमृत महोत्सव के अभूतपूर्व आयोजन के बाद अब गणतंत्र भारत के अमृत महोत्सव का शुभागमन हुआ है। देश के जन-गण-मन में देशभक्ति के अपार उत्साह और उमंग का महासागर हिलोरें ले रहा है। राज्य सरकार की पहल पर पहली बार गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल हुए जिला पुलिस बैण्ड की धुन पर बजते देशभक्ति के तराने, देश के लिए जीने और देश के लिए मरने की प्रेरणा दे रहे हैं।

इस अवसर पर सशस्त्र और निःशस्त्र बल की टुकड़ियों ने कदमताल करते हुये मार्च पास्ट किया। सशस्त्र बलों ने तीन बार हर्ष फायर कर राष्ट्रपति जी की जय का गगनभेदी जयघोष किया। राष्ट्रधुन बजाई गई। स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इसी प्रकार सीएम राईज दमोह, जवाहर नवोदय विद्यालय हटा, ओजस्विनी विद्यालय दमोह और गुरूनानक स्कूल ने एक से बढ़कर एक मनमोहिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। राज्यमंत्री श्री पटेल ने श्रेष्ठ और सराहनीय कार्यो और योजनाओं में उपलब्धि हासिल करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया। पुलिस विभाग के अधिकारी और पुलिस कर्मी भी इस दौरान सम्मानित हुए।

इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र रही। इसमें शिक्षा विभाग को प्रथम, महिला बाल विकास को द्वितीय और स्वास्थ्य विभाग को तीसरा पुरूस्कार मिला। इसमें उद्यानिकी, कृषि, जिला पंचायत, पशुपालन, जनजातीय विभाग, जिला शिक्षा केन्द्र और वन मण्डल विभाग शामिल रहे। समारोह में प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश रेणुका कंचन, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया, पूर्व सांसद चंद्राभान सिंह, प्रीतम सिंह लोधी, पूर्व विधायक सोनाबाई, डॉ सुधा मलैया, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, वन मंडलाधिकारी एमएस उईके, प्रीतम सिंह लोधी, अखिलेश हजारी, हेमंत छाबड़ा, गोपाल पटेल, रमन खत्री, मोंटी रैकवार, अरविंद उपाध्याय, सुरेश छाबड़ा, एडीशनल कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल एसपी श्री संदीप मिश्रा, एसडीएम श्री आरएल बागरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरोजनी जेम्स बेक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती आसाटी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकगण, लोकतंत्र सेनानी, सम्मानीय पत्रकारगण, अधिकारीगण और दर्शकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आलोक सोनवलकर, सुनील वेजेटेरियन और दिलीप जोशी द्वारा किया गया।

### सैलवाड़ा के ग्रामवासियों की बिजली और पानी की समस्या 20 दिन में निराकृत करने के दिए गए निर्देश

# कलेक्टर अचानक पहुँचे सैलवाड़ा, एक शिक्षक निलंबित, पांच के वेतन काटने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर मयंक अग्रवाल अपने आकस्मिक भ्रमण अभियान के तहत ग्राम सेलवाड़ा पहुंचे। उन्होंने यहां पर ग्राम वासियों से चर्चा की, उनकी बातें व समस्याएं सुनी। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में पानी की समस्या हैं, पूरे गांव में पानी नहीं पहुंच रहा और बिजली का भी वोल्टेज कम रहता हैं। कलेक्टर ने तत्काल ही अधिकारियों को बिजली और पानी की समस्या 20 दिवस के अंदर निराकृत करने के निर्देश दिए। ग्रामवासी अपने बीच आकस्मिक रूप से कलेक्टर को पाकर बेहद प्रसन्न रहे और अपनी-अपनी बातें बड़ी सहजता से कलेक्टर से कर रहे थे। यहां पर ग्राम वासियों ने कलेक्टर से कहा कि यहां पर उप स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम की सहायक का ट्रांसफर हो गया हैं, डिलेवरी में समस्या हो रही हैं, शीघ्र पद स्थापना की जाए। साथ ही पशु अस्पताल में बाउंड्री वाल बना दी जाए तथा गौशाला के संचालन की समस्या रखी गई, इसके निराकरण के निर्देश कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संबंधित अधिकारी को दिए। यहां ग्राम सभा में भी पहुँचे कलेक्टर।

### कलेक्टर पहुंचे हाई स्कूल

ग्राम सेलवाड़ा में कलेक्टर मयंक अग्रवाल आकस्मिक रूप से हायर सेकंडरी और हाई स्कूल का निरीक्षण किया। यहां पर विद्या भूषण शर्मा शिक्षक हायर सेकंडरी विद्यालय 01 माह से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए, जिसे निलंबित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए गए। साथ ही यहां पर पाँच शिक्षक रंजीत नागेसिया, अनीता गोस्वामी, राजेश ठाकुर और छत्तर सिंह तथा मनोज कुमार साहू आज अनुपस्थित पाए गए, इनका आवेदन भी नहीं था। कलेक्टर ने इनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। यहां पर ग्राम वासियों ने हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा केंद्र तेंदूखेड़ा में जाने की समस्या रखी, जिस पर कलेक्टर ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना।

### कलेक्टर पहुंचे रिचकुड़ी

अपने इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल रिचकूड़ी पहुंचे। यहां पर उन्होंने जल निगम के पावर पंप हाउस का निरीक्षण किया। यहां पर भी बिजली की समस्या वोल्टेज की रखी गई, जिससे विद्युत विभाग को 20 दिन के अंदर निराकृत करने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान कलेक्टर ग्राम दोनी पहुंचे। यहां पर जल संसाधन विभाग के कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**दमोह।** जिले की जबेरा तहसील में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत जबेरा में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान थाना जबेरा के पुलिस स्टॉफ द्वारा सलामी दी गई। इसके उपरांत मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। ग्राम पंचायत में सभी शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्येंद्र सिंह, रजनी ठाकुर, जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, तहसीलदार विवेक व्यास, सहित अधिकारी- कर्मचारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# अतिक्रमण को हटाने प्रशासन की बुल्डोजर कार्यवाही शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ियादौ

उपतहसील मुख्यालय मड़यिादो में फैले अवैध अतिक्रमण को हटाने प्रशासन ने बुलडोजर कार्यवाही शुरू की । नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार के नेतृत्व में राजस्व अमले और मड़यिादो सहित अन्य कई थानों के पुलिस बल की मौजूदगी में बस स्टैंड पर पुराना थाना की बाउंड्रीबाल सहित दुकानों के टीनशेड,छ्प्पर आदि जेसीबी मशीन से गिराए गए। गौरतलब है कि मड़यिादो बस्ती के संकीर्ण मार्ग पर लगातार फैलते अतिक्रमण से आये दिन जाम के हालात बनते हैं जिससे वाहन चालकों और आमजनों को असुविधा हो रही थी जिससे निपटने प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की है।

### पुराना थाना परिसर की बाउंड्री से शुरुआत

शनिवार दोपहर को राजस्व अमला दल बल के साथ मडियादो पहुंचे। मुख्यमार्ग का अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पुराना थाना परिसर की बाउंड्री तोड़कर की गई। पुलिस बल की उपस्थिति में कार्यवाही शुरू हुई जिसमे जेसीबी मशीन द्वारा छपरी और पट्टी तोड़ी गई। राजस्व अमले द्वारा मुख्य मार्ग के बीच से दोनो ओर 13 फीट का चिन्हाकन किया गया और पट्टी तोड़ी गई।

### डेढ़ सौ लोगों का अतिक्रमण हुआ था चिन्हित

राजस्व अमले द्वारा कुछ दिन पहले सर्वे कर अतिक्रमण चिन्हित किया गया था जिसकी सूचना अतिक्रमण करने वालो को दी गई थी। तीन दिन पहले नायब तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी कर पेशी लगाकर स्वत अतिक्रमण हटाने की बात कही गई थी। अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व अमले द्वारा पट्टी तोड़ी गई और छपरी तोड़ी गई। किसी भी स्थिति में घर नही तोड़े गए। बाजार परिसर में दुकानदारों को चिन्हाकित भूमि से आगे किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करने की सलाह दी गई।



## जिला सहकारी बैंक में ध्वज फहराया

**दमोह।** देश के 75 वें गणतंत्र दिवस पर आज कलेक्टर श्री मयंक अग्रवाल ने जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैक में ध्वज फहराया। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ती पत्र वितरित किये । इस अवसर पर केद्रीय सहकारी बैंक वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री अनुपम खरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भागवत कथा साप्ताहिक भक्ति महायज्ञ का आगाज

### विशेष झांकियां और गरबा नृत्य से शोभायात्रा की बढ़ी शान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सकल असाटी समाज दमोह द्वारा 21वां वार्षिक समारोह श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह भक्ति महायज्ञ का भव्य कार्यक्रम दिनांक 27 जनवरी से 3 जनवरी 2024 तक होगा, इसी क्रम में शनिवार सुबह 10 बजे भव्य (कलश) शोभायात्रा शहर के राधा रमन मंदिर से प्रारंभ हुई। जो उमा मिस्त्री तलैया, हृदय स्थल घंटाघर, बकौली चौक, टॉकीज तिराहा होते हुए पुराना थाना से संस्कार भवन दमोह पहुंची. जहां संस्कार भवन में प्राण प्रतिष्ठा श्रीमद् भागवत कथा की होने के उपरांत कथा का शुभारंभ हुआ. भव्य शोभा यात्रा में असाटी समाज का हाथों में बैनर लिए ढोल नगाड़ों के साथ घोड़े पर हाथों में झंडा लिए शिवाजी राव, पृथ्वीराज चौहान, चंद्रशेखर और भगत सिंह का स्वरूप बनकर चल रहे थे, भारत माता का स्वरूप भी सवार था श्री बरही जी महाराज, श्री गुरु महाराज जी और असाटी समाज की प्रथम नागरिक महिला दानवीर श्रीमती बूंदाबहू असाटी जी के चित्र बग्गी में आकर्षक थे. शोभायात्रा में गरबा वाली छोटी-छोटी बच्चियां कपड़े, आभूषण पहने और हाथों में डांडिया लेते हुए अपना कर्तव्य दिखाती हुई नजर आई. शोभायात्रा में श्री राधा-कृष्ण जी की एक विशेष झांकी भी बग्गी में मौजूद थी,पुरुष और महिलाएं भी कीर्तन कर भगवान में लीन थी। शोभायात्रा में श्रीमद् भागवत पुराण को अनेक भक्त सिर पर रखकर चलते हुए और पालकी में भगवान विराजमान थे. इसके पीछे असाटी समाज की समस्त महिलाएं पीली साड़ी पहनकर सिर पर कलश लिए देखी गई. इसके बाद कथा व्यास श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज वृंदावन के साथ सैकड़ो लोग नाचते, गाते और झूमते हुए नजर आए. साथ ही भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता, शत्रुघ्न, भरत, हनुमान जी का राम दरबार भी वाहनों में सवार था, आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ. शहर के घंटाघर पर श्री देव जानकी रमन बूंदाबहू मंदिर श्री भगवान दास असाटी धर्मपुरा वाले, पुराने थाने पर स्थानीय पार्षद पप्पू मलाई द्वारा भव्य फूल मालाओं से स्वागत सत्कार किया गया और जगह-जगह श्रीमद् भागवत पुराण और महाराज जी की आरती उतार कर लोगों ने पुण्य लाभ अर्जित किया. इसके बाद कथा व्यास श्री हरे कृष्ण दास ब्रह्मचारी जी महाराज वृंदावन जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महात्म्य वर्णन, परीक्षित जन्म एवं श्री शुक्र देव जी का आगमन करते हुए कथा का शुभारंभ किया. इस अवसर पर असाटी समाज महासभा, असाटी समाज के वरिष्ठ, महिला, युवा बच्चे शोभायात्रा में नए-नए वस्त्र पहनकर शामिल हुए और शोभा यात्रा का आनंद लिया।

# हाइडलवर्ग सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ व डीएवी ज्ञानोदय में लहराया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी डी ए वी विद्यालय में इस वर्ष का 75वाँ गणतंत्र दिवस एच सी आई एल इकाई प्रमुख, विद्यालय के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री सुनील कुमार जी के योगदान एवं मार्गदर्शन में, अखिलेश ताम्रकार एवं दीपक ठाकुर के विशेष-आतिथ्य, प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी जी की अध्यक्षता एवं हाइडलवर्ग कंपनी से पधारे प्रमुख विभागाध्यक्षो की गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । भारतीय संस्कृति की परम्परा "अतिथि देवो भवः" को चरितार्थ करते हुए सर्वप्रथम माननीय अतिथियों का विद्यालय के प्राचार्य एवं स्वागत समूह के सान्निध्य में स्वागत किया गया । ध्वजारोहण किया गया एवं ध्वज को सलामी दी गई एवं सभी दलों का निरीक्षण किया गया। परेड कमांडर कमल सिंह के निर्देशन में कंपनी के सुरक्षा कर्मी एवं विद्यालय के चारों सदनों के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट कर राष्ट्रीय तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि सुनील कुमार ने अपने शुभकामना सन्देश में देश के अमर शहीदों की देश-भक्ति एवं संविधान निर्माताओं के कार्यों की सराहना की। आगे उन्होंने कहा-"जिस भारत में आज हम निर्बाध रूप से जीवन यापन कर पा रहें हैं, उसके पीछे भारत के वीर सपूतों का बलिदान है । हम सभी जिस कार्य को कर रहे हैं। वही हमारे लिए संविधान है उसे पूरी ईमानदारी से करें। यही हमारे लिए सच्ची देशभक्ति होगी। समारोह में विद्यालय के नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा देश के वीर सपूतों को स्मरण करते हुए अपने मन में जोश लिए इन्द्रधनुषी परिधानों में उनके चरित्रों का स्वागत नृत्य का प्रदर्शन किया गया । विद्यालय की संगीत टोली द्वारा देश-प्रेम से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्राचार्य श्री आर पी कुर्मवंशी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि - "डीएवी वैदिक शिक्षा के साथ-साथ समाज सुधार एवं राष्ट्रीयता का आंदोलन है। यह विद्यालय भारतीय चिंतन और भारतीय संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक प्रौद्योगिकी का संगम है। अपने 138 वर्षों के इतिहास में इसके 900 से अधिक संस्थान इसका गौरव हैं। इसी बीच कंपनी के एडमिन विभाग से दीपक ठाकुर सर के विशेष मार्गदर्शन में कंपनी सुरक्षाकर्मियों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता एवम् वरिष्ठ कर्मचारियों की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी दर्शकों के लिए यह आकर्षण का केन्द्र बना रहा । साथ ही हाइडलवर्ग कंपनी के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को कंपनी के लिए वर्ष भर में अभूतपूर्व विशेष योगदान के लिए माननीय इकाई प्रमुख सुनील कुमार सर के कर कमलों से विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुनीत पावन अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेल गतिविधियों में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (सब-जोनल स्तर) में 21 प्रतिभागियों को 06 स्वर्ण पदक, 08 रजत एवं 07 कांस्य पदक के लिए सम्मानित किया गया। बेस्ट ट्रूप के लिए अरविंदो सदन को पुरस्कृत किया गया। इस पुनीत अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र एवं अभिभावकगण, गुरूजन तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारीगण तथा परिसर में निवासरत परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे । गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगाँठ को मनाने के लिए विद्यालय की साज-सज्जा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं कंपनी के कर्मचारियों के सहयोग से किया गया । समारोह का मंच संचालन श्रीमती अनीता आहूजा एवम् श्रीमती रेणुका दुबे के साथ विद्यार्थियों ने मिलकर किया। कार्यक्रम का समापन डीएवी के जय-जय उद्घोष डीएवी गान एवं शांति पाठ के साथ किया गया।

## सीतानगर परियोजना यदि बनी है तो इस खजरी ग्राम की उत्पत्ति है-राज्यमंत्री श्री पटेल



**दमोह।** सीतानगर परियोजना यदि बनी है, तो इस खजरी की ही उत्पत्ति है। सबसे कम समय में यदि कोई परियोजना मंजूर हुई है, तो वह सीतानगर परियोजना मंजूर हुई है। आपके गांव छूटेंगे नहीं क्योंकि यहीं से वह परियोजना शुरू हुई थी। बहुत जल्द परियोजना में फिर से गांव जोड़ करके सबके यहां पानी पहुंचाने का काम किया जाएगा, इस बात का सभी विश्वास रखें। इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आज ग्राम खजरी में आयोजित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक गरिमामय समारोह में व्यक्त किये। इस मौके पर पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया, पूर्व सांसद चन्द्रभान सिंह, पूर्व विधायक सोनाबाई, प्रीतम सिंह लोधी, कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा मंचासीन थे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा दमोह विधानसभा के आप सभी इतने ज्यादा सौभाग्यशाली लोग हैं, की जितने मध्य प्रदेश में कोई नहीं हो सकता है। आप सभी को ऐसे सरल, सहज और विशाल हृदय वाले विधायक मिले हैं। पूर्व मंत्री एवं विधायक दमोह श्री जयंत मलैया ने कहा हम पहले इतने ज्यादा वोटो से कभी नहीं जीते जितने इस बार जीते हैं। आठ चुनाव जीते हैं परंतु सबसे ज्यादा वोटो से इस बार जीता हूं। इसमें सभी ने बहुत काम किया है।

